26 JUNE- janj bhoomi PG-01_Layout 1 6/26/2024 10:25 PM Page 1

तापमान

अधिकतम 40.0 डिग्री
न्यूनतम 22. 0 डिग्री

हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, गुरूवार, 27 जून 2024

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

4 किसान स्कूल में फलदार अनार पौधे का किया गया रोपण



## खबर संक्षेप

### स्वस्थ अभियानः 1 जुलाई से 14 अगस्त तक चलेगा अभियान

**जांजगीर-चांपा।** कलेक्टर आकाश छिकारा के विशेष पहल पर जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग जांजगीर द्वारा स्वस्थ जांजगीर अभियान अंतर्गत 1 जुलाई से 14 अगस्त तक आयुष्मान भारत, सघन टीबी, कुष्ठ, सिकलसेल, एवं मोतियाबिंद एवं दिव्यांगता कार्यक्रम में खोज अभियान चलाया जाएगा। जिसमें स्वास्थ्य विभाग से चिन्हांकित दल द्वारा घर-घर भ्रमण कर खोज अभियान अंतर्गत संभावित अथवा स्वास्थ्य सुविधा से वंचित हितग्राहियों का चिन्हांकन कर उनको स्वास्थ्य सुविधा से लाभान्वित किया जाएगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने स्वस्थ जांजगीर अभियान के सफल संचालन एवं अभियान का समस्त ग्रामवासियों से अधिक से अधिक लाभ लेने की अपील की है।

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका की भर्ती के लिए आवेदन 15 तक

**जांजगीर-चांपा।** एकीकृत बाल विकास परियोजना बम्हनीडीह अंतर्गत आंगनबाडी केंन्द्र गुरुनानक 2, दांरग 3 आ.बा. कार्यकर्ता पद हेतु एवं घठोली चौक, चोरिया 7, बम्हनीडीह 5, गिधौरी 2, दांरग 3, अफरीद 2, दुरपा 1 सहायिका पद हेतु 15 जुलाई तक कार्यालयीन समय में सीधे अथवा पंजीकृत डाक से आवेदन आमंत्रित किये गए हैं। अधिक जानकारी के लिये कार्यालय एकीकृत बाल विकास परियोजना बम्हनीडीह से संपर्क किया जा सकता है।

### राज्य खेल अलंकरण के लिए 30 तक आवेदन

**जांजगीर-चांपा।** खेल व युवा कल्याण विभाग द्वारा प्रतिवर्ष उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों और निर्णायकों को खेल पुरस्कार प्रदान कर राज्य खेल अलंकरण से सम्मानित किया जाता है।
संयुक्त कलेक्टर एवं जिला खेल अधिकारी श्रीमती ममता यादव ने बताया कि खेल संघों से प्रोत्साहन के लिए उनके द्वारा वर्ष 2021-22 व 2022-23 के लिए शहीद राजीव पाण्डे पुरस्कार, शहीद कौशल यादव पुरस्कार, वीर हनुमान सिंह पुरस्कार, शहीद पंकज विक्रम सम्मान व शहीद विनोद चौबे सम्मान, मुख्यमंत्री ट्रॉफी, नगद राशि, प्रेरणा निधि, डाइट मनी के लिए 30 जून तक आवेदन आमंत्रित किए हैं। खिलाड़ी को पृथक-पृथक वर्षों के लिए पृथक-पृथक आवेदन प्रस्तुत करना होगा। आवेदन पत्र प्रारूप मय विज्ञापन विभाग की वेबसाइट पर उपलब्ध है। जिले के ऐसे खिलाड़ियों, प्रशिक्षक, निर्णायक जो उक्त पुरस्कारों हेतु पात्रता रखते हैं वे अपना आवेदन पत्र राज्य खेल संघों से अनुशंसा सहित 30 जून तक कार्यालयीन समय में संचालनालय खेल एवं युवा कल्याण, सरदार वल्लभ भाई पटेल, अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम, जी.ई. रोड, रायपुर या कार्यालय जिला खेल अधिकारी, खेल एवं युवा कल्याण में सीधे जमा कर सकते हैं।

### लेटरल एंट्री के माध्यम से प्रवेश के लिए ऑनलाईन आवेदन

**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ राज्य के अनुसूचित जाति तथा अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थी जो राज्य के किसी भी शासकीय व अशासकीय विद्यालयों से न्यूनतम 60 प्रतिशत या समकक्ष ग्रेड से कक्षा 10वीं उत्तीर्ण हुए हो। प्रतिभावान विद्यार्थियों को प्रयास आवासीय विद्यालय में कक्षा 11 वीं में प्रवेश एक प्राक्वयन परीक्षा के माध्यम से होगा। वर्ष 2024-25 में इन विद्यालयों के कक्षा 11वीं में प्रवेश हेतु प्राक्चयन परीक्षा एवं प्रवेश के संबंध में आवेदन 6 जुलाई तक ऑनलाईन आवेदन वेबसाइट पर आमंत्रित किया गया है। भरे गए आवेदन में त्रुटि सुधार 9 जुलाई तक किया जा सकता है। प्रवेश हेतु प्राक्चयन परीक्षा की तिथि 21 जुलाई दिन रविवार प्रातः 11 बजे आयोजित होगा।

---

### प्रधानमंत्री सम्मान निधि योजना का लाभ लेने हो सकते हैं वंचित

# 4 हजार से अधिक किसानों का आधार कार्ड ई-केवाईसी सीडिंग लैंड लंबित

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जांजगीर-चांपा जिले में 1 लाख 6 हजार 147 किसानों ने पीएम सम्मान निधि योजना का लाभ लेने के लिए पंजीयन कराया है। इनमें से 4 हजार 412 कृषकों का ई केवाईसी आधार एवं लैंड सीडिंग किया जाना लंबित है। जिसके चलते इन किसानों को प्रधानमंत्री सम्मान निधि योजना का लाभ लेने से वंचित होना पड़ सकता है। इन सब के बावजूद किसान इस पर ध्यान तक नहीं दे रहे हैं।

गौरतलब है कि जांजगीर चांपा जिले में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ लेने के लिए 1 लाख 6 हजार 147 किसानों ने ऑनलाइन पंजीयन कराया है, ताकि योजना का लाभ उन्हें मिल सके इनमें से किसानों को पीएम किसान सम्मन निधि योजना का लाभ भी दिया जा रहा है। वही 4 हजार 412 किसानों का ई केवाईसी आधार एवं लैंड सीडिंग अब तक लंबित है। जिसके कारण किसान आने वाले दिनों में पीएम सम्मान निधि योजना के लाभ से वंचित हो सकते हैं। विभागीय जानकारी के मुताबिक 1894 किसानों का ई केवाईसी लंबित है 1528 किसानों का आधार




सीडिंग नहीं हो पाया है। वही 990 कृषकों का लैंड सीडिंग किया जाना बाकी है। कुल मिलाकर देखें तो 4412 किसानों का रिकॉर्ड अपडेट अब तक नहीं हो पाया है। प्रधानमंत्री कृषक सम्मान निधि योजना के तहत प्रत्येक किसानों के खातों में सालाना 6 हजार की राशि केंद्र सरकार के द्वारा उनके बैंक खातों में जमा कर दी जाती है। इस तरह की व्यवस्था कृषकों के लिए विगत 10 सालों से चली आ रही है। इन सब के बावजूद कई पात्र किसान योजना का लाभ लेने को लेकर गंभीर नजर नहीं आते और ना ही जिम्मेदार कृषि विभाग के अधिकारी कर्मचारी इसे लेकर किसानों को प्रेरित करते हैं। इधर आधार केवाईसी एवं लैंड सीडिंग करने के लिए किसानों के पास आधार कार्ड बैंक पासबुक खेती-बाड़ी का दस्तावेज मोबाइल नंबर निवास प्रमाण पत्र सहित अन्य दस्तावेज अपडेट करना पड़ता है। ताकि किसानों को समय पर योजना का लाभ मिल सके। ऐसे में अब कृषि विभाग के द्वारा आने वाले दिनों में शिविर लगाकर बाकी बचे 4412 किसानों का आधार एवं ई केवाईसी अपडेट करने की तैयारी की जा रही है। इसके अलावा कृषि विभाग के द्वारा किसानों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए प्रधानमंत्री कृषक सम्मान निधि योजना के तहत लाभान्वित करने के लिए जनपद पंचायत नवागढ़, पामगढ़, अकलतरा, बलौदा एवं बम्हनीडीह में पंजीयन से लेकर ऐसे किसान जिन्हें योजनाओं का लाभ नहीं मिल पाया है। उनके लिए व्यवस्था बनाकर जानकारी भी उपलब्ध कराई जा रही है। इन सबके बावजूद कई किसान जानकारी के अभाव में योजनाओं का लाभ नहीं ले पा रहे है।

#### 972 पंजीयन एक्टिव नहीं

*वैसे तो जांजगीर चांपा जिले में प्रधानमंत्री किसान सम्मन निधि योजना का लाभ पाने के लिए 1 लाख 6 हजार किसानों ने ऑनलाइन पंजीयन कराया है। इनमें से 1 लाख 5 हजार 175 किसानों का पंजीयन एक्टिव मोड पर है, जबकि 972 कृषक पंजीयन करने के बाद भी उसे आगे बढ़ाने पर ध्यान तक नहीं दे रहे हैं। ऐसे में किसान योजना के लाभ से वंचित भी हो सकते हैं। जांजगीर चांपा जिले में पंजीकृत कृषकों की संख्या 1 लाख 22 हजार 212 से भी अधिक है जो प्रमुख रूप से धान बेचने के लिए पंजीयन करते रहे हैं। हालांकि इस साल यहां आंकड़ा बढ़ भी सकता है।*

#### लगाया जा रहा शिविर

4 हजार 412 कृषकों का ई केवाईसी आधार लंबित है। इसे लेकर शिविर लगाया जाएगा। अपडेट नहीं करने की स्थिति में योजना के लाभ से वंचित हो सकते हैं।

**-आर.एन.गांगे,**
उप संचालक
कृषि विभाग जांजगीर चांपा

---

# सामान्य सभा की बैठक में राखड़ डंपिंग को लेकर सदस्यों ने जताई नाराजगी

## समिति द्वारा विभिन्न प्रस्तावों पर भी की गई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिला पंचायत सामान्य सभा की बैठक में सदस्यों ने बगैर स्थल निरीक्षण किए राखड़ के डंपिंग को लेकर नाराजगी जाहिर की। साथ ही विभिन्न कार्य योजना को लेकर चर्चा भी की।

ज्ञात हो कि जिला पंचायत सभाकक्ष में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती यनिता यशवंत चंद्रा की अध्यक्षता में सामान्य सभा की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिपं जिला पंचायत सदस्य, जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी गोकुल रावटे, डीएफओ श्रीमती प्रियंका पांडे, अपर कलेक्टर श्रीमती लवीना पांडे सहित अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे। सामान्य सभा की आयोजित बैठक में पूर्व बैठक का पालन प्रतिवेदन पर चर्चा की गई। इसके उपरांत बैठक में जिला पंचायत सदस्यों को जिले में खरीफ फसल के संबंध में उपलब्ध खाद-बीज भंडारण की जानकारी से अवगत कराया गया। सदस्यों ने कहा कि किसानों को किसी तरह की खाद बीज की परेशानी का सामना न करना पड़े इसका ध्यान रखा जाए। इसके अलावा जल जीवन मिशन, नल जल योजना के कार्यों की विस्तृत चर्चा की गई। आदिवासी छात्रावास में अतिरिक्त प्रभार वाले अधीक्षकों को मुक्त रखने कहा। बैठक में सदस्यों को मुख्यमंत्री वन संपदा, मुख्यमंत्री वृक्षारोपण योजना की जानकारी दी गई। बारिश में विद्युत व्यवस्था को गावों में दुरस्त रखने कहा। जिपं सदस्यों ने बगैर स्थल निरीक्षण किये राखड़ नहीं पाटने विभागीय अधिकारियों से कहा। बैठक में विभिन्न स्थाई समिति द्वारा पारित प्रस्ताव को लेकर चर्चा की गई। इसके अलावा 15 वें वित्त आयोग के प्राप्त आवंटन एवं कार्य योजना पर विस्तृत चर्चा करते हुए प्रस्ताव को पास किया गया। इसके अलावा 15 वें वित्त योजना के प्रारंभ से लेकर अंत तक अप्रारंभ कार्यों को संशोधित कार्य योजना एवं फंड अग्रगणित करने के संबंध में प्रस्ताव पर विस्तार से चर्चा की गई। इसके अलावा कृषि विभाग, लोक निर्माण विभाग, वन विभाग, उद्योग एवं पर्यावरण विभाग, पीएचई विभाग, श्रम विभाग, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रा.), महात्मा गांधी नरेगा, आदिम जाति कल्याण विभाग, खाद्य विभाग से संबंधित विभागीय कार्यों की जानकारी देते हुए चर्चा की गई। बैठक में श्रीमती कुसुम कमल किशोर साव, लखनलाल साहू, गणेशराम साहू, धरमलाल भारद्वाज, श्रीमती शिवकुमारी रात्रे, दिलेश्वर साहू, अजीत साहू, राजकुमार साहू, श्रीमती सुष्मिता सुमित प्रताप सिंह, शलालबहादुर सिंह, श्रीमती उमा राजेन्द्र राठौर, इंजी प्रदीप पाटले, जया कांता हरिशंकर राठौर, माधुरी टेकचंद चंद्रा, श्रीमती इंद्रा राजेश लहरे, गगन जयपुरिया, निर्मल सिन्हा, श्रीमती विद्या सिदार, श्रीमती हरिप्रिया रूपेश वर्मा, टिकेश्वर सिंह गबेल, श्रीमती कविता चंद्रकुमार पटेल, विधायक प्रतिनिधि, जनपद पंचायत अध्यक्ष, उपसंचालक पंचायत अभिमन्यु साहू सहित अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहे।



सामान्य सभा की बैठक में जिपं अध्यक्ष, सीईओ व सदस्य।

---

# स्वच्छ भारत मिशन की राज्य सलाहकार ने जाना गांव का हाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

स्वच्छ भारत मिशन की राज्य सलाहकार व बिलासपुर संभाग प्रभारी श्रीमती मोनिका सिंह ने जिला पंचायत सीईओ गोकुल रावटे के साथ विभिन्न ग्राम पंचायत का निरीक्षण किया। उन्होंने जिले के स्वच्छ भारत मिशन के कार्यों की प्रगति को बढ़ाने के लिए और जनपद पंचायत सीईओ सहित अन्य अधिकारी कर्मचारियों को निर्देशित किया।

- स्वच्छ भारत मिशन को लेकर अधिकारियों को किया निर्देशित

अकलतरा जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम बरगंवा एवं अमलीपाली में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के राज्य सलाहकार व बिलासपुर संभाग प्रभारी श्रीमती मोनिका सिंह द्वारा सामुदायिक शौचालय, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन अंतर्गत कचरा संग्रहण का निरीक्षण किया व स्वच्छाग्रहियों से आवश्यक चर्चा की गई साथ ही समस्या, यूज़र चार्ज पर दिशा-निर्देश दिया गया। घरों से निकलने वाले सूखा एवं गीले कचरे को अलग-अलग करने तथा संग्रहण करने के संबंध में चर्चा की गई साथ ही पृथक शेड, सामुदायिक शौचालय एवं मैनेजमेंट यूनिट का निरीक्षण किया गया। इस दौरान जनपद पंचायत के मुख्यकार्यपालन अधिकारी हिमांशु गुप्ता, जिला एवं जनपद पंचायत एसबीएम टीम, सरपंच सचिव अन्य नागरिक लोग उपस्थित रहे।



ग्रामीणों से चर्चा करते स्वच्छता मिशन की राज्य सलाहकार।

---

## सौजन्य मुलाकात...



**चांपा।** मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल में आयोजित बैठक के दौरान राज्य युवा आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष कार्तिकेश्वर स्वर्णकार ने मुख्यमंत्री मोहन यादव एवं छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री अरूण साव से सौजन्य मुलाकात की। फोटो : हरिभूमि

---

# 1 जुलाई से लागू होने वाले नए कानून के विषय में कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

एक जुलाई से लागू होने वाले नवीन कानून के लिए जागरूकता लाने प्रदेशभर में कार्यशाला आयोजित की जा रही है।

इसी तारतम्य में कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी अमृत विकास तोपनो के निर्देशन में 1 जुलाई से लागू होने वाले नये कानून को लेकर मालखरौदा जनपद पंचायत सभाकक्ष में बुधवार 26 जून को अनुविभाग स्तरीय कार्यशाला आयोजित की गई । कार्यशाला में 1 जुलाई से लागू होने वाले भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 के बारे में निर्धारित ट्रेनरों द्वारा पीपीटी के माध्यम से जानकारी दी गई। जनपद पंचायत सभाकक्ष में आयोजित कार्यशाला में उच्च न्यायालय अधिवक्ता चितरंजय पटेल ने बताया की कानून में समयानुकूल परिवर्तन एक नियमित प्रक्रिया हैं। कार्यशाला में नगर निरीक्षक सुश्री सुनीता नाग बंजारे ने भारतीय न्याय संहिता के प्रावधानों की जानकारी दिया तो वहीं वरिष्ठ अधिवक्ता सुभाष शर्मा ने भारतीय दण्ड संहिता तथा नवीन कानून भारतीय न्याय संहिता का तुलनात्मक विश्लेषण करते हुए नवीन कानून के बारे में बताया ।

---

# विद्युत व्यवस्था की बदहाली को लेकर विधायक ने सौपा ज्ञापन, दी आंदोलन की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

शहर सहित अन्य क्षेत्रों में बिजली की बदहाल व्यवस्था को लेकर जांजगीर चांपा विधायक विद्युत मंडल के दफ्तर पहुंचे। इस दौरान अधीक्षण यंत्री को ज्ञापन सौंपकर बिजली व्यवस्था दुरूस्त करने की मांग की है।

ज्ञात हो कि जांजगीर चांपा विधायक ब्यास कश्यप ने बुधवार 26 जून को विद्युत व्यवस्था की बहाली के लिए छ.ग. राज्य विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड जांजगीर के अधीक्षण यंत्री को ज्ञापन सौंपा है। उक्त संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए विधायक श्री कश्यप ने बताया कि उनके पास लगातार क्षेत्र की जनता बिजली की समस्या को लेकर आ रही हैं। विधानसभा जांजगीर-चांपा क्षेत्र अंतर्गत ऐसा कोई गांव, या शहर का कोई ऐसा हिस्सा नही बचा है, जहां विद्युत व्यवस्था सुचारू रूप से चल रही हो। घंटों विद्युत कटौती आम बात हो गई है। जिला अस्पताल जैसी जगह जहां विभिन्न चिकित्सा उपकरणों को चलाने के लिए नियमित विद्युत आवश्यकता होती है। वर्षो से लगे हुए ट्रांसफार्मरों की कोई देखभाल विभाग के द्वारा नही की जाती है जिससे आए-दिन ट्रांसफार्मर खराब होने की शिकायतें प्राप्त होती रहती है।



---

### बरसात के दिनों में और बढ़ सकती है समस्या

# बुधवारी बाजार में चबूतरा एवं प्रसाधन की बनी हुई समस्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिला मुख्यालय जांजगीर के प्रत्येक सप्ताह लगने वाले बुधवारी बाजार मे चबुतरा, शेड एवं प्रसाधन की समस्या काफी लंबे समय से बनी हुई है। जिसके चलते सब्जी बेचने वालो से लेकर सब्जी खरीदने वाले ग्राहको को काफी दिक्कतो का सामना भी करना पडता है। इन सब समस्याओ के बावजुद जिम्मेदारो को इससे कोई सरोकार तक नही है।

गौरतलब है कि जिला मुख्यालय जांजगीर के बुधवारी बाजार ना केवल जांजगीर शहर ब्लकि जांजगीर एंव सक्ती जिले का सबसे बडा एवं प्राचीन बाजार माना जाता है। जहां प्रत्येक बुधवार को ना केवल शहर ब्लकि आसपास गांव के लोग भी सामनो को बेचने एंव खरीदी करने के लिए पहुंचते है। बुधवारी के दिन जांजगीर शहर के आसपास के गांव खोक्सा, खोखरा, सरखो, बनारी ,पेन्ड्री, धाराशिव, सुकली, सिवनी, बोडसरा सहित आसपास गांव के लोग भी बडी संख्या में यहां सामानो की खरीदी करने के लिए बुधवार के दिन आते है। वही देखा जाए तो यहां बाजार परिसर में कई स्थानो पर चबुतरा, शेड एवं प्रसाधन की समुचित व्यवस्था अब तक नही बन पाई है। जिसके कारण सब्जी भाजी की बिक्री करने वाले दुकानदारो से लेकर सब्जी भाजी एंव अन्य सामानो की खरीदी करने वाले ग्राहको को काफी परेशानियो का सामना भी करना पडता है। जिसके कारण उनकी परेशानी और भी बढ जाती है। खासकर बरसात के दिनो में तो किराना सामान से लेकर कपडा, सब्जी बेचने वाले दुकान दारो को तो जगह की समस्या के चलते काफी तकलीफे उठानी पडती है। सप्ताहिक बाजार के दौरान ग्राहक एवं ब्यापारियो को होने वाली परेशानियो से जिम्मेदारो को कोई सरोकार तक नही है। बुधवार के दिन बाजार होने के कारण आसपास गांव के लोग भी बडी संख्या में सामानो की खरीदी को लेकर पहुंचते है। इस बीच वे अपने सायकल एंव बाइक को बाजार के आसपास रख देते है। इस बीच कई ग्राहको के सायकल एवं बाइक चोरी होने का मामला भी सामने आ चुका है। इन सबके बावजुद चोरो पर कार्यवाही तक नही हो पाती जिसके कारण उनके हौसले और भी बुलंद होते चले जाते है।




बुधवारी बाजार में खरीदी करने पहुंचे लोग।

#### बनाई जाएगी ब्यवस्था

बुधवारी बाजार मे चबुतरा एवं प्रसाधन की समस्या को लेकर पहले जानकारी मंगाई जा रही है। इसके बाद आगे की ब्यवस्था बनाई जाएगी।

**-प्रहलाद पांडेय,**
सीएमओ
नगर पालिका परिषद जांजगीर

---

# जिले में खुर्रा बोनी का बढ़ा रकबा, किसान हुए व्यस्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहेराडीह

जिले के किसान इस समय खेती किसानी के काम में ब्यस्त हो गये हैं। गर्मी के मौसम में ही किसान अपने खेतों की अकरस जुताई कर चूके हैं। ऐसे में उन्हें पहली बारिश का बेशब्री से इंतजार था। जैसे ही पहली बारिश जिले में हुई। किसानो ने अपने खेत में धान की खुर्रा बोनी के काम मे ब्यस्त हो गए हैं।

बलौदा ब्लॉक अंतर्गत ग्राम सिवनी के प्रगतिशील किसान रामाधार देवांगन ने बताया कि जिले में इस समय किसान अपने खेतों में धान की बुआई कर रहे हैं। इस बार किसानों को खुर्रा बोनी के लिए बहुत ही सुंदर उपयुक्त समय मिला है। जाजंग गांव की प्रगतिशील महिला किसान सुशीला गबेल ने बताया कि गर्मी के समय खेत की अकरस जुताई के बाद मानसून बारिश के दौरान खुर्रा बोनी करने से धान की फसल की पैदावार अधिक होती है और फसल में कीट रोग भी कम लगती है। किसानों ने बताया कि खुर्रा बोनी से खेत में खरपतवार कम होती है।



कार्य में व्यस्त हुए किसान।

26-Jun- Jash-CORIYA-RAG-Bhoomi pg-3_Layout 1 6/26/2024 7:38 PM Page 1





# 'रिश्ते काम से बढ़कर होने चाहिए' : नाना

**मुंबई।** नाना पाटेकर भारतीय सिनेमा के बेहतरीन कलाकार हैं। उन्होंने अपने करियर में कई शानदार फिल्में की हैं और कई यादगार किरदार निभाए हैं। हाल में ही उन्होंने एक इंटरव्यू के दौरान मशहूर निर्देशक संजय लीला भंसाली के साथ अपने मतभेदों पर खुलकर बात की है। उन्हें लगता है कि रिश्ते काम से बढ़कर होने चाहिए।इस दौरान उन्होंने 'खामोशी' फिल्म के सेटर पर हुए एक घटना का भी जिक्र किया। फिल्म के एक सीन में नाना पाटेकर अपनी पत्नी की तरफ पीठ कर पत्ते खेल रहे थे। इस सीन में उनकी पत्नी को दिल का दौरा पड़ता है। इस सीन को लेकर पाटेकर ने कहा कि संजय को उम्मीद थी कि वह पलट जाएंगे।

## लाइफ Style

# जाह्नवी बुरी तरह हुई ट्रोल

एजेंसी ⏭ मुंबई

जाह्नवी कपूर ने हाल में हुए पेरिस हाउते कॉउचर वीक में रैंप वॉक किया। उन्होंने धूम मचा दी। जाह्नवी ने गई मरमेड से इंस्पायर्ड राहुल मिश्रा का डिजाइन किया हुआ गाउन पहना और हाउते कॉउचर वीक में इंटरनेशनल डेब्यू किया। जाह्नवी का रैंप वॉक करते हुए एक वीडियो इंस्टाग्राम अकाउंट पर डाइट सब्या ने शेयर किया।

इंटरनेशनल लेवेल पर भले ही जाह्नवी की सराहना की जा रही हो, लेकिन नेटिजंस उन्हें ट्रोल कर रहे हैं। उनकी वॉक का मखौल उड़ा रहे हैं। डाइड सब्या ने जो वीडियो शेयर किया है, उसमें देखा जा सकता है कि जाह्नवी कपूर ने ब्लू मरमेड-स्टाइल गाउन पहना। इसके लंबी टेल थी। उन्होंने साथ में बस्टियर और एम्बेलिश्ड टॉप पहना हुआ था। जाह्नवी के साथ कई अन्य मॉडल्स को भी वॉक करते हुए देखा गया। यह रैंप वॉक ऑरा नाम के कलेक्शन ब्रांड की थीम से इंस्पायर था। जाह्नवी कपूर के रैंप वॉक के इस अंदाज पर ऑडियंस कमेंट कर रहे हैं। एक यूजर ने तो उनकी तुलना अदिति राव हैदरी के गजगामिनी वॉक से कर दी। यूजर ने लिखा,'वह रनवे पर धीताम धीताम धीना कररही है? इस चलन को रोकने की ज़रूरत है!' एक यूजर ने पूछा, 'क्या ये वॉक है?' एक यूजर ने लिखा, 'ऐसे लग रहा है कोई मुर्दा, कब्र से निकलकर चल रहा है।' दूसरे यूजर ने लिखा, 'क्या वीडियो स्लो-मो में है, या यह रियल टाइम में है?' एक ने लिखा, 'इससे बढ़िया रैंप वॉक तो अनन्या पांडे ही कर लेती है।' एक और यूजर ने लिखा, 'ऐसा लग रहा है कि यह सोते-सोते वॉक कर रही है।'




## हॉलीवुड मसाला




# स्पीलबर्ग पर बन रही है डॉक्यूमेंट्री

**लॉस एंजिलिस।** हॉलीवुड के महान निर्देशक स्टीवन स्पीलबर्ग की फिल्म 'जॉज' 20 जून 1975 में रिलीज हुई थी। यह फिल्म स्टीवन स्पीलबर्ग की सर्वश्रेष्ठ फिल्मों में से एक है। अब तक शार्क यानि व्हेल मछलियों पर जितनी फिल्में बनी हैं 'जॉज' उन सभी फिल्मों में बेस्ट मानी जाती है। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो नेशनल ज्योग्राफिक 'जॉज' के 50 साल पूरा करने की खुशी में अब एक डॉक्यूमेंट्री का निर्माण करने जा रहा है। इस डॉक्यूमेंट्री को तात्कालिक नाम 'जॉज @50' दिया गया है।




# अर्नोल्ड श्वार्जनेगर बच्चों के लिए हैं चिंतित

**लॉस एंजिलिस।** अर्नाल्ड श्वार्जनेगर ने ऑस्ट्रियाई विश्व शिखर सम्मेलन के नए संस्करण में कहा, 'हम केवल कार्रवाई के बारे में चिंतित हैं। यह कार्यक्रम उन्होंने आठ साल पहले शुरू किया था। अब केवल बात करने से काम नहीं चलेगा। हम सभी प्रदूषण मुक्त दुनिया के बारे में एक ही दृष्टिकोण साझा करते हैं। हमें अपने बच्चों को बचाने, अपने ग्रह को बचाने और अपने भविष्य को बचाने के लिए ठोस कदम उठाना होगा और साथ ही इसे रोकने के लिए जो कुछ भी करना है, वह करना होगा।' शिखर सम्मेलन 'बी यूजफुलः टूल फॉर ए हेल्दी प्लेनेट' के बैनर तले आयोजित किया गय। इसका उद्देश्य जलवायु परिवर्तन से लड़ने के लिए ठोस समाधान खोजना था। इस समारोह के दौरान अर्नाल्ड ने वहां पर मौजूदा लोगों से कहा 'आपके पास शक्ति है।'



# ओवरसाइज जैकेट में दिखाया फैशन

**नई दिल्ली।** कैटरीना कैफ और उनके विक्की कौशल पति को हाल ही में मुबंई एयरपोर्ट पर देखा गया। इस दौरान कैटरीना ने फिर से अपने सबका ध्यान अपनी ओर खींचा। सामने आई फोटो में कैट एक ब्लैक कलर की स्वेटशर्ट और मैचिंग पैंट के साथ एक ओवर साइड डेनिम जैकेट पेयर किया था. वह खुले बाल, ब्लैक सनग्लासेस और मैचिंग ब्लैक स्नीकर्स के साथ अपने लुक को पूरा किया था। इस दौरान वह बेहद प्यारी लगीं। हालांकि, उनके लुक ने एक बार फिर से उनकी रूमर्ड प्रेग्नेंसी को हवा दे दी। सामने आए वीडियो और फोटो को देख नेटिजन्स ये दावा कर रहे हैं कि कैटरीना प्रेग्नेंट हैं। उन्होंने अपनी प्रेग्नेंसी और बेबी बंप छुपाने के लिए ओवर साइज कपड़े पहन रखा है। कैटरीना के वीडियो को पैपराजी वीरल भयानी ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किया है।




# '35 चिन्ना काडू...' का पोस्टर जारी

**मुंबई।** तेलुगु, तमिल और मलयालम फिल्मों में काम करने वाली अभिनेत्री निवेथा थॉमस की नई फिल्म का ऐलान हो गया है। वो लंबे समय से फिल्मों की दुनिया से दूर थीं और उनके प्रशंसक उनकी नई फिल्म को देखने का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। निवेथा ने अपनी नई फिल्म का पोस्टर जारी करते हुए दर्शकों के इंतजार पर विराम लगा दिया है। निवेथा थॉमस ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर अपनी नई फिल्म का पोस्टर रिलीज किया। उनकी नई फिल्म का '35 चिन्ना कथा काडू' है, जो काफी अलग किस्म का है। फिल्म का पोस्टर भी काफी एकदम हटकर है, जो दर्शकों के बीच इस फिल्म को देखने के लिए उत्सुकता पैदा कर रहा है। '35 चिन्ना कथा काडू' के पोस्टर को देखकर यह कहना मुश्किल नहीं है कि इस फिल्म की कहानी तिरुपति में सेट हो सकती है।

## टीवी मसाला



# बिग बॉस के घर से बाहर हुआ पहला सदस्य मिड-वीक एविक्शन ने मचाया हड़कंप...

**नई दिल्ली।** बिग बॉस ओटीटी-3 का पहला एलिमिनेशनः बिग बॉस ने घरवालों को जोरदार झटका दिया है। दरअसल, बिग बॉस ने सीजन की शुरुआत में ही मिड-वीक एविक्शन कर डाला है। जी हां, बिग बॉस ने टास्क के दौरान शिवानी कुमारी और नीरत गोयत में से एक सदस्य को घर से बेघर कर दिया है। अब सवाल यह उठता है कि चार दिन में घर से बेघर होने वाले इस सदस्य का नाम क्या है? घरवालों ने शिवानी को सेफ किया और नीरज को घर से बेघर कर दिया। 32 साल के नीरज गोयत हरियाणा के करनाल जिले के बेगमपुर गांव के रहने वाले हैं। नीरज पेशे से एक प्रो-बॉक्सर हैं, जिन्होंने डब्लूबीसी एशिया खिताब अपने नाम किया है। नीरज अपने फैंस के साथ अपनी बॉक्सिंग की रील्स और अपनी लाइफ के खास पलों को शेयर करते रहते हैं। यही कारण है कि सोशल मीडिया पर उनकी काफी अच्छी फैन फॉलोइंग है। बॉक्सिंग करने के अलावा, नीरज फिल्मी सितारों को ट्रेनिंग देने का भी काम कर चुके हैं। उन्होंने 'तूफान' फिल्म के लिए बॉलीवुड एक्टर-निर्देशक फरहान अख्तर को मुक्केबाजी की ट्रेनिंग दी थी। साथ ही वो रणदीप हुड्डा, राम चरण और कई बड़े बॉक्सर्स के साथ भी नजर आ चुके हैं।

# करण ने माना बोरिंग था 'कॉफी विद करण 8' का रैपिड फायर

**नई दिल्ली।** फिल्म निर्माता-डायरेक्टर करण जौहर ने पुष्टि की है कि उनके कंट्रोवर्सियल और और पॉपुलर चैट शो, 'कॉफी विद करण'का अगला सीजन 2025 में आएगा। अपने लेटेस्ट इंटरव्यू में करण अपने बीते चैट शो और आने वाले शो के बारे में काफी मजेदार खुलासे किए हैं। उन्होंने कहा कि वह एक साल की छुट्टी लेना चाहते हैं और पिछले साल मिले फीडबैक को देखते हुए वह अगले साल नए अंदाज में शो का नौवां सीजन लेकर आएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि कई बार सेलिब्रिटी कई टॉपिक पर खुलकर बात करने से 'डरते' हैं.। हालांकि, उनका मानना है कि पहले सेलिब्रिटी मेहमान खुलकर अपनी राय रखते थे। आगे उन्होंने डायरेक्टर महेश भट्ट का उदाहरण देते हुए करण ने कहा, 'भट्ट साहब जिस तरह के हैं, वह मुझे अब भी ऐसे ही जवाब देंगे।



# लोगों को गुदगुदाते नजर आएंगे नंदमुरी बालकृष्ण

मुंबई। इन दिनों नंदमुरी बालकृष्ण के सितारे बुलंद हैं। वो तीसरी बार हिंदूपुर से विधायक बने हैं और उनकी फिल्में भी अच्छा प्रदर्शन कर रही हैं। साल 2021 में रिलीज हुई उनकी फिल्म 'अखंडा' ने बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा दिया था। अब वो अपनी नई फिल्म 'एनबीके 109' को लेकर सुर्खियां बटोर रहे हैं। हाल ही में, इस फिल्म से जुड़ी एक दिलचस्प जानकारी सामने आई है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, 'एनबीके 109' में नंदमुरी बालकृष्ण लोगों को गुदगुदाते हुए नजर आएंगे। उनके किरदार में एक कॉमेडी टच देखने को मिलेगा। इस खबर को जानकर नंदमुरी बालकृष्ण के फैंस का उत्साह बढ़ने लगा है और अब वो उनके रोल को देखने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इस जानकारी के सामने आने से अब चर्चा चल रही है कि यह फिल्म मजेदार होने वाली है। 'एनबीके 109' का निर्देशन केएस रविंद्र कर रहे हैं। उन्होंने हाल ही में, चिरंजीवी के साथ 'वाल्टेयर वीरय्या' के रूप में एक ब्लॉकबस्टर फिल्म दी है। 'एनबीके 109' में नंदमुरी बालकृष्ण के अलावा चांदनी चौधरी भी मुख्य किरदार अदा कर रही हैं। इन दोनों के अलावा अभिनेत्री उर्वशी रौतेला भी अभिनय करती दिखाई देंगी। खास बात यह है कि बॉबी देओल की भी फिल्म में एंट्री हो चुकी है। कहा जा रहा है कि यह एक एक्शन एंटरटेनर फिल्म होने वाली है।



# महज 2 करोड़ के बजट में फिल्म ने कमाए थे 100 करोड़, मूवी के नाम रहा ये रिकॉर्ड

**मुंबई।** साल 2010 के बाद से अगर किसी फिल्म की कमाई ने 100 करोड़ से ज्यादा का आंकड़ा पार किया है तो उस फिल्म को हिट या उससे आगे का वर्डिक्ट मिल जाता है। फिल्मों के लिए 100 करोड़ की कमाई करना आज के समय में मुश्किल नहीं है, लेकिन लगभग 40 साल पहले ये लोगों की सोच से भी दूर था। अगर हिंदी सिनेमा की पहली 100 करोड़ क्लब में जाने वाली फिल्म की बात करें तो मिथुन चक्रवर्ती की फिल्म थी। फिल्म डिस्को डांसर (1982) ने बॉक्स ऑफिस पर तबाही मचा दी थी और इस फिल्म के गाने सुपर-डुपर हिट हुए थे।

***'डिस्को डांसर' का बॉक्स ऑफिस कलेक्शन :*** 'आई एम अ डिस्को डांसर', 'जिम्मी जिम्मी आजा आजा', 'याद आ रहा है...तेरा प्यार' जैसे कई सुपरहिट गाने फिल्म डिस्को डांसर के ही हैं।



मिथुन चक्रवर्ती को इस फिल्म से जबरदस्त लोकप्रियता मिली थी। फिल्म डिस्को डांसर का बजट 2 करोड़ रुपए था, जबकि फिल्म बॉक्स ऑफिस पर 100 करोड़ रुपए का वर्ल्डवाइड कलेक्शन किया था। इसके साथ ये फिल्म हिंदी सिनेमा की पहली 100 करोड़ कमाने वाली फिल्म बन गई थी। यही फिल्म का सबसे बड़ा रिकॉर्ड था और साथ ही इस फिल्म या इसके गानों को ना सिर्फ भारत में लोकप्रियता मिली थी, बल्कि विदेशों में भी इसके गाने खूब पसंद किए गए थे।

## 'डिस्को डांसर' डायरेक्टर और कास्ट

बब्बर सुभाष ने ना सिर्फ फिल्म डिस्को डांसर का प्रोडक्शन संभाला था, बल्कि उन्होंने ही फिल्म को डायरेक्ट भी की थी। फिल्म डिस्को डांसर में मिथुन चक्रवर्ती लीड रोल में थे, जबकि कल्पना अय्यर, हीता सिद्धार्थ मास्टर छोटू, ओम पुरी जैसे कलाकार भी इस फिल्म में नजर आए थे। फिल्म का म्यूजिक बप्पी लाहिड़ी ने तैयार किया था। वहीं, इसके लगभग सभी गाने बप्पी लाहिड़ी और उषा उथुप ने गाए थे। इस फिल्म को आप नेटफ्लिक्स और अमेजॉन प्राइम वीडियो जैसे ओटीटी प्लेटफॉर्म्स पर देख सकते हैं।

## 'डिस्को डांसर' की कहानी

फिल्म डिस्को डांसर में दिखाया गया है कि अनिल (मिथुन चकवर्ती) के डिस्को डांसर बनने के सपनों के बीच उसकी गरीबी बार-बार आती है। उसकी मां पर चोरी का इल्जाम लगाकर जेल भेजा जाता है। कई साल बाद जब अनिल का स्टार बनने का सपना पूरा होता है तो वो अपनी मां का खोया सम्मान लौटाता है। हालांकि, ये सबकुछ करने में उसकी लोकप्रियता ही उसकी दुश्मनी बन जाती है। फिल्म में मिथुन के काम को काफी पसंद किया गया और उसके बाद से उन्हें डिस्को डांसर का टैग दे दिया गया था।

## लिस्ट में नई-नवेली दुल्हन सोनाक्षी भी शामिल

# अपनी शादी में मां की साड़ी और गहनों में दिखीं ये हसीनाएं

***नई दिल्ली।** बॉलीवुड में इन दिनों शादियों का सीजन चल रहा है। बॉलीवुड से लेकर टीवी जगत की कई अभिनेत्रियां पिछले कुछ महीनों में दुल्हन बनी हैं। इस लिस्ट में रकुल प्रीत सिंह से लेकर कृति खरबंदा तक शामिल हैं। वहीं, 23 जून को सोनाक्षी सिन्हा भी दुल्हन बन गईं। इस मौके पर उन्होंने अपनी मां की ज्वेलरी पहनी थीं। आज आपको बॉलीवुड की कुछ उन हसीनाओं के बारे में बताते हैं जिन्होंने शादी के मौके पर अपनी मां को सम्मान देते हुए उनकी शादी से जुड़ी किसी चीज को पहना था।*



**कृति खरबंदा :** इस लिस्ट में हाल ही में पुलकित सम्राट की दुल्हन बनीं कृति खरबंदा का नाम सबसे पहले आता है। कृति 15 मार्च को पुलकित के संग पंजाबी रीति-रिवाजों से शादी के बंधन में बंधीं। अपनी चूड़ा सेरेमनी के दौरान अभिनेत्री ने अपनी नानी का हार और मां की शादी की चुन्नी को अपने ब्राइडल लुक में शामिल किया था।



**यामी गौतम :** ऐसे ही यामी गौतम ने भी अपनी शादी में अपनी मां की साड़ी को पहना था। यामी के लिए उनकी मां की वह लाल साड़ी बेहद खास है क्योंकि उनकी मां भी उसी साड़ी में दुल्हन बनी थीं।



**सोनम कपूर :** बॉलीवुड में अपनी अलग स्टाइल के लिए मशहूर सोनम कपूर जब दुल्हन बनीं तब वे अपनी मां को सम्मान देना नहीं भूली थीं। अभिनेत्री ने अपनी शादी में अपनी मां सुनीता कपूर की शादी के गहनों को पहना था। सोशल मीडिया सोनम की शादी की तस्वीरें काफी वायरल भी हुई थीं और उनके फैंस को उनका ब्राइडल लुक भी काफी पसंद आया था।



**सोनाक्षी सिन्हा :** इस लिस्ट में जो सबसे नया नाम शामिल हुआ है वह सोनाक्षी सिन्हा का है। सोनाक्षी सिन्हा 23 जून को अपने बॉयफ्रेंड जहीर इकबाल की दुल्हन बनीं। अभिनेत्री ने अपने शादी के मौके पर अपनी मां की साड़ी और गहनों को पहना था। सोशल मीडिया पर सोनाक्षी की शादी की तस्वीरें काफी वायरल हो रही हैं। वे अपनी मां की साड़ी में बहुत सुंदर लग रही हैं।

## खबर संक्षेप

### सूर्यवंशी समाज द्वारा सम्मान कैरियर मार्गदर्शन का आयोजन 30 को

**देवरी-सारागांव।** सूर्यवंशी समाज द्वारा केन्द्रीय भवन सुकली में रविवार 30 जून को प्रतिभावान छात्र छात्राओं का सम्मान कैरियर मार्गदर्शन एवं अहाता निर्माण भूमिपूजन समारोह का आयोजन किया जा रहा है। जिसमे कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राधेश्याम सूर्यवंशी, संजय गढ़ेवाल अध्यक्ष होगे। कार्यक्रम में प्रतिभावान बच्चो को वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा वृहद रूप से कैरियर मार्गदर्शन दिया जायेगा। उक्ताश्य की जानकारी समाज के महासचिव रामकुमार सोनवानी ने दी है।

### हसदेव पब्लिक स्कूल में एक दिवसीय वर्कशॉप का आयोजन

**चांपा।** जहसदेव नदी के सुरम्य तट पर स्थित चंद्रावली देवी झांझड़िया मेमोरियल हसदेव पब्लिक स्कूल चांपा में 25 जून को प्राचार्य लवली वर्गीस के मार्गदर्शन में एकदिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण वर्कशॉप का आयोजन किया गया। स्पीकर अंतराम केशी सहायक प्राध्यापक उत्कर्ष शिक्षा महाविद्यालय सरखों द्वारा बाल मनोविज्ञान और कौशल पर आधारित शिक्षा के संदर्भ में प्रशिक्षित किया गया। उन्होंने समय प्रबंधनए बच्चों के कौशल विकासए वॉकिंगए टॉकिंग और चाकिंग से संबंधित विषय पर गहन प्रशिक्षण दिया। बच्चों को कंट्रोल करने हेतु अनेक प्रकार के टिप्स दिए। उन्होंने कहा कि चेंज योर हैबिट चेंज योर लाइफ। रुका हुआ पानी और ठहरा हुआ इंसान सड़ जाता है। वर्कशॉप बहुत ही अच्छा, सुंदर और प्रभावशाली रहा। इस अवसर पर प्राचार्य लवली वर्गीस, समन्वयक संजय सिंह एवं सभी अध्यापक अध्यापिकाएं उपस्थित थे।

### प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए आवेदन 31 जुलाई तक

**जांजगीर-चांपा।** भारत सरकार महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने वाले बच्चों को माननीय राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित करने हेतु प्रत्येक वर्ष प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार आयोजित करती है। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग ने बताया कि 31 जुलाई की स्थिति में 5 वर्ष से अधिक एवं 18 वर्ष से कम भारतीय निवासी जो भारत में रहता हो जिन्होंने बहादुरी, खेल, सामाजिक सेवा, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, पर्यावरण कला, संस्कृति एवं नवाचार के क्षेत्रों में असाधारण योगदान दिया है। जो राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता के पात्र है को यह पुरस्कार (एक पदक, प्रमाण-पत्र/प्रशस्ति-पत्र) प्रत्येक वर्ष की भांति जनवरी में आयोजित होने वाले एक विशेष समारोह में राष्ट्रपति द्वारा नई दिल्ली में दिया जाना है। उपरोक्तानुसार जिले के बच्चों को प्रेरणा एवं प्रोत्साहन देने की दृष्टि से अधिक से अधिक योग्य बच्चों को ऑनलाइन नामांकित किया जा सकता है।

### आंगनबाड़ी सहायिका नियुक्ति के लिए 23 तक आवेदन आमंत्रित

**सक्ती।** एकीकृत बाल विकास परियोजना सक्ती, जिला सक्ती अंतर्गत आगनबाड़ी केन्द्र कंचनपुर एवं जाजंग में आंगनबाड़ी सहायिका के तीन रिक्त पदों पर नियुक्ति के लिए आवेदन आमंत्रित किया गया है। जिसके तहत 24 जून से 8 जुलाई तक मुनादी एवं आवेदन पत्र का प्रारूप परियोजना कार्यालय सक्ती के सूचना पटल पर अवलोकन किया जा सकता है। आंगनबाड़ी सहायिका के रिक्त पद पर नियुक्त के लिए इच्छुक एवं पात्र आवेदिका 9 जुलाई से 23 जुलाई तक कार्यालयीन दिवस एवं समय 11 से 5 बजे तक कार्यालय एकीकृत बाल विकास परियोजना सक्ती, जिला सक्ती में सीधे अथवा पंजीकृत डाक के माध्यम से आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं।

### तिलक लगाकर नवप्रवेशित बच्चों को स्कूल में कराये प्रवेश

**डभरा।** स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय डभरा में विकासखंड स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि संयोगिता युद्धवीर सिंह जूदेव ने आत्मानंद स्कूल के मुख्य गेट से तिलक लगा कर कक्षा पहली के बच्चों को स्कूल में पवेश कराया। स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय डभरा में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। जहां संयोगिता सिंह जूदेव ने तिलक लगाकर बच्चों को शाला प्रवेश कराया। ब्लाक स्तरीय कार्यक्रम में 146 बच्चों को विद्यालय में प्रवेश दिया गया। विशिष्ट अतिथि बालेश्वर राम एसडीएम, डॉ रविशंकर राठौर तहसीलदार डभरा, नायब तहसीलदार आशीष पटेल, जिला शिक्षा अधिकारी नरेन्द्र कुमार चन्द्रा,विकास खंड शिक्षा अधिकारी श्यामलाल वारे, बीआरसीसी प्रमेश पटेल, प्राचार्य हेमचरण पटेल, आयोजन प्रभारी वेणुधर नायक, प्रधान पाठक विजयलक्ष्मी ठाकुर, मीनाक्षी डाहट उपस्थित थे। अतिथियों द्वारा माध्यमिक शिक्षा मंडल की कक्षा 10वीं एवं 12वीं की परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर पुरस्कृत किया गया। विद्यालय एवं संकुल के विद्यार्थियों को निःशुल्क पाठ्यपुस्तक, गणवेश तथा कक्षा नवमीं की छात्राओं को सरस्वती सायकल योजना के तहत निःशुल्क सायकल वितरण अतिथियों के कर कमलों से किया गया। अंत में अतिथियों द्वारा फलदार पौधों का रोपण कर कार्यक्रम का समापन किया गया।

## निधन

### बाबूलाल गर्ग



**चांपा।** स्थानीय कोरबा रोड़ निवासी अग्रवाल समाज के प्रतिष्ठित नागरिक बाबूलाल गर्ग का मंगलवार 25 जून को सायं 7.30 बजे बिलासपुर के एक निजी चिकित्सालय में निधन हो गया। वे 77 वर्ष के थे। स्व. गर्ग अपने पीछे दो पुत्रों एवं दो पुत्रियों का भरा-पूरा परिवार छोड़ गये है। उनका अंतिम संस्कार बुधवार 26 जून को पूर्वान्ह 11.30 बजे कोरबा रोड़ स्थित मारवाड़ी मुक्तिधाम में किया गया। जहां बड़ी संख्या में परिजन, सजातीय बंधुओं समेत गणमान्य नागरिक मौजूद थे। मुखाग्नि ज्येष्ठ पुत्र सुनील गर्ग ने दी।

## स्कूलों में बच्चों को पढ़ाया गया स्वच्छता का पाठ, पुस्तकों का किया गया वितरण

# मां सरस्वती की पूजा अर्चना व बच्चों का तिलक लगाकर मनाया शाला प्रवेशोत्सव



शाला प्रवेशोत्सव के दौरान उपस्थित शिक्षक व छात्र।

**हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा**

शिक्षा सत्र 2024-25 की शुरूआत 26 जून से हो रही है। इसके पूर्व विद्यालय परिसर को स्वच्छ करने 25 जून मंगलवार को एसएमसी सदस्यों, शिक्षकों व बच्चों द्वारा स्वच्छ विद्यालय अभियान चलाया गया जिसमें स्कूल परिसर, कक्षाओं के भीतर, मध्यान्ह भोजन कक्ष सहित पूरे कैंपस की सफाई की गयी।

जिला शिक्षा अधिकारी श्री भारद्वाज ने कहा कि आज के अभियान की एक प्रमुख विशेषता यह सुनिश्चित करना है कि ग्रीष्मावकाश के बाद खुलने वाले स्कूल पूरी तरह से स्वच्छ, सुरक्षित और बच्चों के बैठने लायक हो। उन्होंने कहा कि बच्चों को स्वच्छ पेयजल व गुणवत्तायुक्त मध्यान्ह भोजन उपलब्ध हो साथ ही पहले ही दिवस सभी बच्चों को गणवेश व किताबों का निःशुल्क वितरण हो जाये। प्रधान पाठक हीरालाल कर्ष ने बताया कि स्कूल में स्वच्छता अभियान चलाने का मकसद हैकि समुदाय में स्वच्छता की भावना पैदा हो। नवाचारी शिक्षिका श्रीमती गीता लहरे ने उपस्थित विघार्थी, शिक्षक-शिक्षिकाओं, शाला प्रबंधन समिति के सदस्यों, यूथ एण्ड ईको क्लब व बाल संसद के सदस्यों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। ग्राम सरपंच रोहिणी साहू के मार्गदर्शन में पूरे गांव का भ्रमण कर कल 26 जून से सभी बच्चों को स्कूल आने के लिए जागरूक भी किया। जिला शिक्षा अधिकारी श्री भारद्वाज, एपीसी समग्र शिक्षा हरिराम जायसवाल, बीईओ नवागढ़, संकुल प्राचार्य ए.एल. भारद्वाज, सीएसी प्रमोद हंसराज, प्रधान पाठक हीरालाल कर्ष, प्रधान पाठक प्राथमिक विशाल शर्मा, राधेश्याम कंवर, सरपंच रोहिणी साहू व्याख्याता रेणुका पाटले, प्रेमलता साहू, सीमा खानी, सुनीता पैगवार, पूनम साहू, गीता चंद्रा, लता दास आदि उपस्थित थे।

### मेघावी छात्र छात्राओं का किया गया सम्मान

पामगढ़। विद्या निकेतन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं ड्रीमलैंड पब्लिक स्कूल में माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा आयोजित बोर्ड की परीक्षाओं में दसवीं एवं 12वीं में 80% से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों का सम्मान किया गया। साथ ही 10 निर्धन कन्याओं को गोद लिया गया जिन्हें कक्षा 9वी से लेकर 12वीं तक की निशुल्क शिक्षा प्रदान करने का कार्य किया जाएगा। मुख्य अतिथि जी टी बी ग्रुप के चैयरमैन डॉक्टर पलक जायसवाल एवं जीटीबी ग्रुप के डायरेक्टर गिरिराज उपस्थित थे। विशिष्ट अतिथि के तौर पर चंद्रकांत तिवारी सदस्य माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर आंनद तिवारी सामजिक कार्यकर्ता ,पूर्व प्राचार्य एच पी खरे, प्राइवेट स्कूल एसोशीएशन के अध्यक्ष मनोज पाण्डेय सचिव आलोक शुक्ला बिमलेश पाण्डेय, सत्यनारायण शर्मा, पालेश्वर शर्मा,अतुल तिवारी लीलम्बर पाण्डेय की गरिमा मयी उपस्थिति थी। विद्यालय द्वारा विगत दस वर्षों से स्व दुर्गाप्रसाद पांडेय स्मृति सम्मान का आयोजन किया जा रहा है जहाँ जिले के सभी प्रवीणय छात्रों का सम्मान किया जाता है। है एवं उनके बच्चे होनहार होते है उन्हे कक्षा 9 से 12 तक की शिक्षा व्यवस्था निशुल्क प्रदान की जाती है।

### नवप्रवेशी छात्रों का तिलक लगाकर किया स्वागत



**तनौद।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला सिंघलद्वीप विकास खंड पामगढ़ में शिक्षण सत्र 2024-25 के प्रथम दिवस कक्षा छठवीं में नव प्रवेशी छात्रों का पालकों द्वारा गुलाल का तिलक लगाकर स्वागत किया गया और उन्हें पुस्तक वितरण कर उपस्थित पालकों को जाति प्रमाण पत्र व छात्रवृत्ति एवं शासन की योजना के बारे में विद्यालय के प्रभारी प्रधान पाठक रमेश कुमार कैवर्त्य द्वारा बताया गया। इस अवसर पर शिक्षक आशीष कुमार साहू एवं श्रीमती अनिता कुर्रे पालकगण : श्रीमती दुलार खूंटे, श्रीमती सावित्री सोनी, श्रीमती निर्मला यादव, श्रीमती द्रौपती यादव, श्रीमती शिवकुमारी, अनुज जांगड़े, हरदयाल पटेल, शिवशंकर नवरत्न, भेषकुमार, सहलाद पटेल, प्रकाश, महंगू दास एवं अन्य उपस्थित रहे।

### बोरसी में धूमधाम से मनाया शाला प्रवेशोत्सव



बिर्रा। शाला प्रवेशोत्सव 2024-25 के क्रियान्वयन को लेकर शा प्रा शाला बोरसी में शाला प्रबंधन विकास समिति, एक्टिव महिला कम्यूनिटी, जनप्रतिनिधियों, स्व सहायता समूह के सदस्यों, सभी शिक्षक शिक्षिका, सफाई कर्मचारी, अभिभावक गण एवं स्कूल में अध्ययनरत बच्चों की उपस्थिति में शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया एवं न्यौता भोजन खिलाया गया। इस अवसर पर धनीराम चंदेल द्वारा मां सरस्वती की पूजा अर्चना किया गया। तत्पश्चात प्रधान पाठक छबि कुमार पटेल के द्वारा नवप्रवेशी बच्चों को तिलक लगाया गया और शाला प्रबंधन समिति के वरिष्ठ सदस्य सेवा निवृत्त शिक्षक धनीराम चंदेल द्वारा नवप्रवेशी बच्चों को मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया। शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष दिनेश चंद्रा एवं अन्य सदस्यों के द्वारा बच्चों को निशुल्क गणवेश एवं पुस्तक भेंट किया गया। कार्यक्रम में शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष दिनेश चंद्रा, धनीराम चंदेल, जगदीश टंडन, एक्टिव महिला कम्यूनिटी के सदस्य श्रीमती रमशीला चंद्रा, सहोद्रा चंद्रा, सरोजा रात्रे, तीजबाई रात्रे, रमौतीन बाई टंडन मध्याहृन भोजन संचालित स्व सहायता समूह के अध्यक्ष श्री मती श्याम बाई चंद्रा,समूह के सदस्य तीजबाई, रतन बाई, सतरुपा, प्रेम बाई, भोज बाई, शांति बाई, सावित्री बाई, फिर बाई स्कूल के समस्त शिक्षक शिक्षिका एवं सफाई कर्मचारी उपस्थित रहे।

### नवप्रवेशी विद्यार्थियों को तिलक लगाकर दिया पाठ्य पुस्तक



हसौद। स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल हसौद में 26 जून को शैक्षिक सत्र 2024- 25 में छात्र-छात्राओं का जनप्रतिनिधियों तथा गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में तिलक लगाकर प्रवेश उत्सव मनाया गया। मुख्य अतिथि निर्मल सिन्हा भूतपूर्व विधायक एवं जिला पंचायत सदस्य , विशिष्ट अतिथि शिवम जायसवाल भारतीय जनता युवा मोर्चा कोषाध्यक्ष, घासीराम साहू पूर्व मंडल अध्यक्ष हसौद भाजपा, श्री रितेश साहू भारतीय जनता युवा मोर्चा सदस्य एवं ओगेन्द्र गोस्वामी थे। नव प्रवेशी छात्र-छात्राओं का अतिथियों के द्वारा तिलक वंदन एवं मुँह मीठाकर पाठ्य पुस्तक वितरण किया गया। प्राचार्य गिरधारी नारायण साहू के द्वारा प्रवेश उत्सव, गुणवत्ता युक्त शिक्षण एवं शालेय गतिविधियों की जानकारी दी गई। मुख्य अतिथि निर्मल सिन्हा पूर्व विधायक तथा जिला पंचायत सदस्य ने छात्र छात्राओं को नियमित रूप से विद्यालय आने और अपने शिक्षक, माता पिता के प्रति आदर भाव रखने की बात कही। शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम को यादगार बनाते हुए अतिथियों के द्वारा विद्यालय में नवनिर्मित गार्डन में वृक्षारोपण किया गया। विद्यार्थियों एवं पालकों को मध्याहृन भोजन के रसोइयों के द्वारा न्यौता भोजन कराया। कार्यक्रम में समस्त शिक्षक- शिक्षिकाओं सहित छात्र छात्राएं तथा गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## किसान स्कूल में फलदार पौधे का किया गया रोपण

**हरिभूमि न्यूज ⏭ बहेराडीह**



किसान स्कूल बहेराडीह में श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान उन्हें नम आंखों से श्रंद्धाजलि अर्पित किया गया। कार्यक्रम को बसमाजसेवी डॉ सुरेश कुमार देवांगन ने संबोधित करते हुए कहा कि कुंजबिहारी साहू का जन्म एक छोटा सा कृषक परिवार में खरौद गांव में हुआ था।

केंद्रीय श्रमिक संगठन के जिलाध्यक्ष चूड़ामणि राठौर ने कहा कि समाज में उनका एक अलग ही पहचान रहा। किसान के संचालक दीनदयाल यादव ने कहा कि बहेराडीह गांव को कृषि क्षेत्र में पहचान दिलाने कुंजबिहारी साहू का बहुत ही बड़ा योगदान रहा है। जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। मौके पर प्रगतिशील किसान संसीराम यादव,राजाराम यादव, नेतराम यादव, हीरालाल यादव, पिंटू कश्यप, नारी शक्ति महिला ग्राम संगठन के सचिव और लखपति दीदी पुष्पा यादव,उर्मिला यादव, साधना यादव, रामबाई यादव, सुकवारा समेत प्रगतिशील किसान बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। किसान स्कूल परिसर में स्थित अक्षय चक्र कृषि बाड़ी में फलदार अनार का रोपण किया गया।

## तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ की बैठक में हुई चर्चा

**हरिभूमि न्यूज ⏭ पामगढ़**

छग प्रदेश तृतीय वर्ग शास.कर्मचारी संघ तहसील शाखा पामगढ़ का आवश्यक बैठक एवं कार्यकारिणी विस्तार राधाकृष्ण मन्दिर पामगढ़ में संपन्न हुआ बैठक में प्रमुख रूप से जिला अध्यक्ष वी.एस. परिहार, जिला सचिव के.के.थवाईत एवं निर्वाचन अधिकारी यू.एस. राठिया उपस्थित रहे।

**खास बात**

- एकजुट होकर अपनी समस्याओं का निराकरण पर रखे वचार

बैठक में जिलाध्यक्ष ने संघीय गतिविधियों की जानकारी दी और बताया कि आगामी माह में 10 जुलाई को लम्बित महंगाई भत्ता एवं अन्य मांगों के सम्बंध में मान. मुख्यमंत्री जी को स्मरण पत्र जिला कलेक्टर के माध्यम से सौपे जाने का निर्णय संघ द्वारा लिया गया है। जिला सचिव के.के.थवाईत ने संघ के माध्यम से एकजुट होकर अपनी समस्याओं निराकरण किये जाने पर अपने विचार रखे। साथ ही उन्होंने तहसील अध्यक्ष को संघ की सदस्यता बढ़ाने एवं आजीवन सदस्यों की संख्या बढ़ाने निर्देशित किया गया। बैठक में तहसील शाखा का विस्तार जिलाध्यक्ष के मार्गदर्शन में तहसील अध्यक्ष असीम थवाईत के द्वारा किया गया। जिसमें महिला प्रकोष्ठ ब्लॉक अध्यक्ष श्रीमती मीरा टण्डन, उपाध्यक्ष श्रीमती गीता यादव, सुनीता रॉय, ब्लॉक सचिव व श्रीमती निधिलता जायसवाल को महिला प्रकोष्ठ का संरक्षक नियुक्त किया गया। साथ ही ब्लॉक उपाध्यक्ष उमेश पाल कोशले रामकुमार कौशिक, उपाध्यक्ष, सचिव हिमांशु यादव, सहसचिव आर.जी.भारद्वाज, कोषाध्यक्ष श्रीपाल कश्यप, को सर्वसम्मति से मनोनीत किया गया। कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन असीम थवाईत ब्लाक अध्यक्ष द्वारा किया।




बैठक में शामिल कर्मचारी संघ के पदाधिकारी

## रजक महासंघ का सम्मेलन एवं सम्मान समारोह

**हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा**

राष्ट्रीय रजक महासंघ छत्तीसगढ़ का सम्मेलन एवं सम्मान समारोह का आयोजन ग्राम नरियरा में मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन निज सहायक तुलसी कौशिक के मुख्य आतिथ्य, संभागीय अध्यक्ष राष्ट्रीय रजक महासंघ ईश्वरीय कर्ष की अध्यक्षता एवं राष्ट्रीय रजक महासंघ उपाध्यक्ष प्रभु नाथ, प्रदेश अध्यक्ष विश्राम निर्मलकर, प्रदेश संरक्षक ज्ञान सिंह निर्मलकर सिंह के विशिष्ट आतिथ्य में किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अतिथियों के द्वारा समाज को एक जूट एवं संगठित कर व्यापार एवं विकास की दिशा में अग्रसर करने की बात कही गई। कार्यक्रम के दौरान महिला प्रकोष्ठ के कोरबा जिला अध्यक्ष के लिए श्रीमती कमला देवी बरेठ, श्रीमती नर्मदा को जिला जांजगीर चांपा, सरोज निर्मलकर को बिलासपुर के अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया। बिलासपुर संभाग के संभागीय संरक्षक के रूप में दुवासी राम कर्ष , लव कुमार निर्णेजक ग्राम रसेडा. अकलतरा को संभागीय मीडिया प्रभारी का दायित्व सौंपा गया। दर्शन लाल रजक कोरबा को संभागीय उपाध्यक्ष ,नरेश निर्मलकर को जिला कोरबा जिला संगठन मंत्री एवं अजय निर्मलकर को सोशल मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी प्रदान की गई। जिला अध्यक्ष पितरेस उजागर के द्वारा आभार प्रदर्शित कर समारोह का समापन किया गया। कार्यक्रम में घुरसाय निर्मलकर, महेश कर्ष, लेख राम निर्मलकर, सुरेश निर्मलकर, ऊग्रसेन कनौजे, फेकू राम निर्मलकर, राम आश्रम, प्यारेलाल बरेठ, बद्री विशाल निर्मलकर, कोमल बरेठ, संतोषी बरेठ कमला बरेठ गंगोत्री निर्मलकर, मनोज निर्मलकर, काली राम निर्मलकर, अमरनाथ निर्मलकर,श्रवण कुमार निर्मलकर, दिनेश निर्मलकर, जितेंद्र निर्मलकर, जागे निर्मलकर उपस्थित थे।



सम्मानित करते पदाधिकारी।

## मुनि सागर के जन्मदिन पर भक्तों में बांटा गया प्रसाद

**अकलतरा।** क्रान्तिकारी राष्ट्रसंत मुनि तरुण सागर महाराज की जन्म जयंती अकलतरा जैन समाज द्वारा हर्षोल्लास के साथ मनाई गई।उनके भक्तों द्वारा सुबह उनके जन्म जयंती पर विशेष आराधना की गई एवं शास्त्री चौक में उनके छाया चित्र के साथ बुंदी एवं शीतल जल का प्रसाद वितरित किया गया। जन्म जयंती कार्यक्रम एवं मुनि तरुण सागर महाराज के जीवन पर प्रकाश डालते हुए जैन समाज के वरिष्ठ सदस्य सुशील जैन ने बताया कि अकलतरा नगर से तरुण सागर महाराज का गहरा नाता रहा है। सन 1982 मे हुए अकलतरा में एतिहासिक गजरथ महोत्सव में पूज्य गुरुदेव मुनि तरुण सागर महाराज की प्रथम क्षुल्लक दीक्षा नगर के हाईस्कूल मैदान में उनके गुरु आचार्य पुष्प दंत सागर महाराज द्वारा दी गई थी। अकलतरा नगर से प्रस्थान के पश्चात पूरे भारत में अपनी ओजस्वी वाणी एवं कड़वे प्रवचन के माध्यम से धर्म की पताका फहराते रहे। समाज में फैली कुरीतियों को उजागर करने मे कभी कोई कसर न छोड़ते हुए समाज को झकझोर कर जगाते रहे। अपने कड़वे प्रवचन एवं वक्तव्यो से गुरुदेव को विरोध भी झेलना पड़ा लेकिन उन्होंने ने कभी इसकी परवाह नहीं की। कार्यक्रम में प्रदीप जैन, आनंद जैन, निलेश जैन, राजू जैन, गोलू जैन, आयू जैन एवं समाज के सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## नवघोषित नगर पंचायत नरियरा के लोगों पीएम आवास का लाभ देने लगा शिविर

**हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा**

नवघोषित नगर पंचायत नरियरा के लोगों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने के लिए शिविर का आयोजन किया गया। जिसमे सरपंच व प्रभारी नगर पंचायत अध्यक्ष संतोषी गोंड़, उप अभियंता अशोक कंवर,सर्वेयर दीपक तिवारी, पटवारी अवधेश सिंह बरगाह की उपस्थिति में ग्रामीणों के द्वारा फार्म जमा किया गया।

शिविर मे नरियरा विकास मंच के सदस्यों के द्वारा ग्रामीणों को फार्म जमा करने एवं विधिवत रूप में अनिवार्य दस्तावेजों के साथ फार्म भरने में सहयोग प्रदान किया गया। भवानी सिंह ने बताया की नगर पंचायत बनाने के बाद यह नगर प्रशासन का पहला कार्य हैं जिसमे नगर के विकास व गरीब निराश्रित लोगो को आवास के सुविधा प्रदान करवाने के लिए शिविर का आयोजन किया गया है। बलराम पुरी गोस्वामी ने कहा कि फार्म को विधिवत तरीके से लिया जा रहा हैं उसके पश्चात जो पात्रता रखते हैं, उनका स्थल और पत्रों का निरिक्षण करने के पश्चात सूची बनकर राज्य शासन को प्रेषित किया जाएगा जिस पर सभी का सहयोग रहेगा ताकि वास्तविक लोगो को ही लाभ मिले। विनीत नवरत्न ने कहा कि नरियरा विकास मंच की स्थापना इसीलिए किया गया हैं ताकि नगर के विकास और नागरिकों के अधिकारो को प्रभावी रूप से क्रियान्वित किया जा सके और नरियरा एक उत्कृष्ट नगर बन सके। शिविर में शिवशंकर नवरत्न, सीमा निर्मलकर, कुश, शेषनाथ पांडेय एवं ग्रामवासी बड़ी संख्या मे उपस्थित थे।



जानकारी देते जनप्रतिनिधि।

## अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा कैरियर मार्गदर्शन का आयोजन

# छात्र-छात्राओं को लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ने के दिए टिप्स

**हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा**

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद चांपा द्वारा करियर मार्गदर्शन का हुआ आयोजनअखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद चांपा के द्वारा बुधवार 26 जून को करियर मार्गदर्शन का कार्यक्रम नगर के सरस्वती शिशु मंदिर के भगिनी निवेदिता सभागृह में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में 10वी,12वी, महाविद्यालय और आईटीआई के सैकड़ों विद्यार्थी सम्मिलित हुए।कार्यक्रम में विद्यार्थियो का मार्गदर्शन करने हेतु मुख्यवक्ता के रूप में नगर के राहुल पत्की उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ माता सरस्वती और स्वामी विवेकानंद के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम का संचालन नगर सहमंत्री कपिल द्विवेदी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्यवक्त राहुल पत्की द्वारा बताया गया कि 12वी के बाद अपने रुचि अनुरूप कैसे आगे की पढ़ाई का चयन करे और अपना एक लक्ष निर्धारित कर उसपर सकारात्मकता के साथ कैसे आगे बढ़े। विद्यार्थी परिषद के जिला संयोजक हरिशंकर यादव ने बताया कि यह कार्यक्रम विद्यार्थियो का मनोबल बढ़ाने और उनके उज्वल भविष्य के मार्गदर्शन हेतु रखा गया था।विद्यार्थी परिषद के प्रदेश कार्यकारणी सदस्य आशुतोष सोनी ने विद्यार्थियो को संबोधित करते हुए बताया कि यह कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियो के समग्र विकास और उचित मार्गदर्शन के साथ राष्ट्र के निर्माण में युवाओं की भूमिका का है। विद्यार्थियो ने इस कार्यक्रम में अपने सभी संकाओ को प्रश्नोत्तर के माध्यम से साझा कर उसका उत्तर पाया। अंत में विद्यार्थी परिषद के नगरमंत्री रितेश महाराणा द्वारा सभी का आभार किया गया। कार्यक्रम में जिला संयोजक हरिशंकर यादव, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य आशुतोष सोनी, नगरमंत्री रितेश महाराणा, कपिल दिवेदी, विस्सु गुप्ता, नितिन राठौर, विनय राठौर, शुभ चंद्रा, मोरध्वज वैष्णव और अन्य कार्यकर्ता के साथ सैकड़ों विद्यार्थी सम्मिलित हुए।




कैरियर मार्गदर्शन शिविर में जानकारी देते अतिथि।

